दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### छतीसगढ़ी कलेवा तिहार 2020 का शुभारंभ आज, पुर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ी कलेवा तिहार 2020 के शुभारंभ अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा व नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेवा तिहार के प्रेरक व मार्गदर्शक महामंडलेश्वर राजेश्री डॉ. रामसुंदर दास जी करेंगे। नगर के सुंदर जोगी, अनेक पार्षद सहित गणमान्य जन उद्‍घाटन के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ी खान-पान, व्यंजन, तथा छत्तीसगढ़ी थाली को प्रचारित व स्थापित करने के लिए वसुंधरा प्रकृति संरक्षण समिति द्वारा 5 दिवसीय छत्तीसगढ़ी कलेवा तिहार 2020 का आयोजन दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री डॉ. रामसुंदर दास जी की अध्यक्षता में किया जा रहा है। कलेवा तिहार में राज्य के ख्यातिनाम ब्लागर्स, यू टयूबर्स, तथा लेखक इस आयोजन का सोशल मीडिया पर लाईव प्रसारण करेंगे। आयोजन स्थल में बच्चों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक खेलों का आयोजन किया गया हे। आयोजन में सम्मिलित होकर आमजन छत्तीसगढ़ के पारंपरिक भोजन तथा विभिन्न व्यंजनों से रूबरू हो सकेंगे। साथ ही व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। तिहार प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। नाचा, गम्मत सहित अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन स्थल पर होंगे। महोत्सव में आगंतुकों के लिए विभिन्न आकर्षण जैसे लकी ड्रा, गिफ्ट वाउचरों तथा पुरस्कार आदि की व्यवस्था रखी गयी है। आयोजन के संयोजक आदेश ठाकुर ने बताया कि कलेवा तिहार मेला स्थल में छत्तीसगढ़ी थाली की उपलब्धता रहेगी। इस दौरान आगंतुकों से छत्तीसगढ़ी खानपान संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा सही जवाब देने वालों को पुरस्कार दिए जाने की व्यवस्था है। बस्तर, सरगुजा, जशपुर क्षेत्रों के खान-पान से जुड़े महिला स्वसहायता समूह द्वारा अनेक प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### चौक चौराहों पर भटक रही गौ माता

» पशु पालकों पर निगम नहीं कर रहा कार्यवाही

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश एवं देश में आए दिन गौ माता की रक्षार्थ विभिन्न संगठनों द्वारा गौ माता के संरक्षण के लिए प्रचार प्रसार जमकर किया जाता है। जबकि हकीकत में गौ माता आज भी राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों के शहरों में सड़कों पर भटकती दिखाई देती है। पशु पालकों द्वारा केवल दूध देते तक गौ माता की सेवा की जाती है। दूध देने के बाद पशु पालक गौ माता को भगवार भरोसे सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। जिसके चलते आए दिन सड़कों पर गौ माताएं दुर्घटना का शिकार होकर परलोकवासी बन जाती है। इस संबंध में शहर के वरिष्ठ नागरिकों एके शुक्ला टी.के साहू, एके गुप्ता एवं कुमारी वाणी चंद्राकर का कहना है कि गौ माताओं की दुर्दशा के लिए पशु पालक ही जिम्मेदार है। गौ रक्षा के लिए कानून का भी प्रावधान है बावजूद इसके पशु पालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### जशपुर में आर.टी.ई. के तहत निजी विद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश

01 से 22 मार्च तक भरे जा सकेंगे पहले चरण में आवेदन

**जशपुरनगर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम'' (आरटीई) के तहत शिक्षा सत्र 2020-21 में निजी शालाओं में प्रवेश की आनलाइन पारदर्शी प्रक्रिया विगत वर्ष की भांति ही आनलाइन होगी। सत्र 2020-21 में आर.टी.ई. के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु आर.टी.ई पोर्टल http://eduportal-cg-nic-in/rte/esa में चार चरणों में आवेदन प्राप्त किये जावेंगें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एन कुजूर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन का प्रथम चरण - 01 मार्च से 22 मार्च, द्वितीय चरण- 01 अप्रैल से 14 अप्रैल, तृतीय चरण- 23 अप्रैल से 06 मई, एवं चतुर्थ चरण - 16 मई से 30 मई तक है। इच्छुक आवेदक अभ्यर्थी के माता-पिता ,अभिभावक प्रवेश हेतु आर.टी.ई पोर्टल के माध्यम से समयावधि में लोक सेवा केन्द्र व सी.एस.सी एजेन्टस, इंटरनेट कैफे या स्वयं आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के पश्चात् आनलाइन जेनरेटेड आवेदन व आवश्यक दस्तावेज आवेदित निजी शाला की शासकीय नोडल शाला में नोडल प्राचार्य के पास जमा करना अनिवार्य है।

# प्रत्येक प्राथमिक शाला से पढ़ी-लिखी पांच महिलाओं का निर्णायक के रूप में होगा चयन

» पठन वाचन अभियान पर कार्यशाला सम्पन्न



**रायपुर।** रीडिंग कैम्पेन (पठन वाचन अभियान) ओरिएटेंशन में राज्य के सभी जिला मिशन समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला प्रोग्रामर की कार्यशाला वार्षिक योजना अंतर्गत समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय में संपन्न हुई।

कार्यशाला में अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों का चिन्हाकन कर राज्य को सूचित करने के निर्देश दिए गए। हायर सेकेण्डरी स्तर से शाला संकुल के अंतर्गत आने वाली सभी प्राथमिक शालाओं की जानकारी और उनके निकट के उच्च प्राथमिक शाला से मेंटर का चयन कर उसका विवरण भेजने कहा गया। पठन अभियान के लिए प्रत्येक प्राथमिक शाला में 5 पढ़ी-लिखी महिलाओं का निर्णायक के रूप में चयन किया जाएगा।

युवा क्लब को पठन अभियान के लिए सक्रिय किया जाएगा। चर्चा पत्र में शामिल विभिन्न बिन्दुओं को सभी स्कूलों में क्रियान्वयन किया जाना है। कार्यशाला में निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षकों को द टीचर एप में उपलब्ध रीडिंग पर आधारित कोर्स को पूरा करवाना है। जिले के सभी शिक्षकों को टेलीग्राम से जोड़कर एक-दूसरे से सीखने के लिए तैयार करना है। रीडिंग कैम्पेन वाले समूह में सभी शिक्षकों को जोड़ना है।

पढ़ना, सिखाने के लिए विभिन्न वीडियों और सहायक सामग्री की जानकारी साझा करने के लिए तैयार वेबसाइट में अपलोड किया जाए। प्रत्येक प्राथमिक शाला के मुस्कान पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों को दो स्तर में वर्गीकृत कर प्रत्येक पुस्तक का विवरण वेबसाइट में अपलोड किया जाए। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि जिले में बच्चों को अनेक भाषा सिखने के लिए पी.एल.सी. का गठन किया गया। गूगल बोले एप्प को डाउनलोड कर सभी बच्चों को घर में उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। सभी स्कूलों में शाला अनुदान से प्रिंट रिच वातावरण तैयार किया जाना है।

स्कूलों में अखबार के साथ आने वाली बाल पत्रिकाओं को उपलब्ध करवाएं। रीडिंग कार्नर और पाकेट बोर्ड का नियमित उपयोग किया जाए। प्रचार-प्रसार के लिए आस-पास के स्थानों में स्लोगन और नारे लिखवाएं जाएं। बच्चों की भाषा सीखने के लिए उस भाषा के जानकार और अन्य शिक्षकों का आपस में जिले के भीतर या बाहर के समूहों के साथ मिलकर भाषा सीखने के लिए पी.एल.सी. का गठन कर नए सत्र के पहले सभी शिक्षकों को बच्चों की भाषा सीखना है। सी.सी.आर.टी. से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पठन अभियान के लिए विविध कार्यक्रम जैसे - कठपुतली प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, वीडियो बनाकर अन्य कार्यक्रम तैयार कर जागरूकता और प्रचार-प्रसार किया जाए।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं सीबीएसई की परीक्षाएं देने वाले विद्यार्थियों को न हो परेशानी - राष्ट्रपति

» राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह एक घंटे देर से शुरू करने का दिया निर्देश

**रायपुर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के निर्देश पर बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह निर्धारित समय से एक घंटे बाद सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा। राष्ट्रपति महोदय के निजी सचिव विक्रम सिंह ने बताया कि कल से प्रारंभ हो रही माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा और सीबीएसई की जारी परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति ने यह निर्देश दिया है। राष्ट्रपति महोदय को ज्ञात हुआ कि दीक्षांत समारोह के लिए निर्धारित समय सुबह 10 बजे कार्यक्रम शुरू होने से परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र तक समय पर पहुंचने में परेशानी हो सकती है। राष्ट्रपति ने इसके बाद स्वयं अधीनस्थों को निर्देश दिया कि उनका कार्यक्रम एक घंटे बाद, सुबह 11 बजे से रखा जाये। वे पूर्व निर्धारित समय के एक घंटे बाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ भवन से रवाना होंगे। राष्ट्रपति के निर्देश के परिपालन में जिला प्रशासन तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अपने दीक्षांत समारोह का समय एक घंटा बढ़ा दिया है। अब यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा कल सुबह 9.30 से शुरू हो रही है। इस समय सीबीएसई की परीक्षाएं चल रही हैं, जो 10.30 बजे शुरू होती है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बिजली खंभा को मारा टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली खंभा को ठोकर मार दिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गीताजंलि सोसाइटी गुढ़ियारी निवासी देवप्रकाश साहू 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को दुर्गा पेट्रोल पंप के पास भनपुरी में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एपी 37 टीएफ 4177 के चालक ने अनियंत्रित होकर बिजली खंभा को ठोकर मार दिया इस वजह से खंभा क्षतिग्रस्त हो गया व क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 व विद्युत अधिनियम 139 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने किया बिहान बाजार का अवलोकन

» मंत्री भेड़िया को समूह की महिलाओं ने भेंट की सामग्री



**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में शामिल होने पहुँची प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने कार्यक्रम स्थल के समीप स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाये गए बिहान बाजार स्टाल का अवलोकन किया।

मंत्री श्रीमती भेडिया ने समूह की महिलाओं से आत्मीय बातचीत की। बातचीत के दौरान समूह की महिलाओं ने बताया कि इस स्टॉल में उनके समूह द्वारा बनायी गई सामग्री बेचने के लिए रखी गयी है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये साबुन, फिनायल, मसाले, आचार, कपड़े, चूड़ी आदि को सरकारी संस्थाओं और हाट बाजारों में बेचा जाता है। इससे उसकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी हुई है। महिलाओं ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत् उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने यह व्यवसाय शुरू किया है। मंत्री ने समूह की महिलाओं के इस कार्य की हौसला अफजाई की। समूह की महिलाओं ने मंत्री श्रीमती भेड़िया को स्वयं के द्वारा तैयार की गयी सामग्री भेंट की। सामूहिक विवाह में आये अतिथियों ने कुछ घरेलू सामान खरीदा। महिला स्व सहायता समूह द्वारा लगाये गये बिहान बाजार में 5 हजार रूपये से अधिक की ब्रिकी हुई।

## मैनपाट महोत्सव में खाद्य मंत्री भगत ने कलाकारों का किया उत्साहवर्धन

» महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**रायपुर।** मैनपाट महोत्सव के दूसरे दिन आज प्रदेश के खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

उन्होंने इस दौरान मंच में सरगुजा के प्रसिद्ध लोकगीत ''हाय रे सरगुजा नाचे'' गाना की कुछ पंक्तियां गाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। श्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी संस्कृति तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संवर्द्धन एवं संरक्षण के लिए आदिवासी नृत्य महोत्सव तथा युवा महोत्सव जैसे अंतर्राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इससे छत्तीसगढ की संस्कृति देश ही नही बल्कि विश्व में फैला है।

इसी कडी में सरगुजा की संस्कृति को बनाए रखने के लिए तथा लोगो को इससे जोड़ने के मैनपाट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों द्वारा शानदार नृत्य एवं गायिकी की मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। महोत्सव में फायर बाल्स फिलर डांस के वेश-भूषा तथा हैरतअंगेज प्रस्तुति ने दर्शकों आश्चर्य चकित किया। इसके साथ ही आज के महोत्सव के दूसरे दिन देर रात तक छत्तीसगढ़ी फिल्मों के स्टार एवं गायक पद्मश्री अनुज शर्मा, इंडियन आयडल फैम एश्वर्या पंडित तथा ज्योति श्री बोहिदार वैष्णव के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

## गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा के गायब होने मामलें मे गृहमंत्री ने लिय संज्ञान

» एसपी से मांगी जानकारी

**रायपुर (आरएनएस)।** गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह से पहले गायब गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा के मामले का संज्ञान खुद गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने लिया है। उन्होंने एसपी प्रशांत अग्रवाल से मामले की जानकारी मांगी है तथा एसपी को तत्काल छात्रा के बारे में पता लगाने के निर्देश दिए हैं। गृहमंत्री ने ट्वीट करते हुए बताया कि उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस हमेशा हमारी जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है। मैंने इस विषय की सूचना मिलते ही बिलासपुर एसपी से बात की और उन्हें यथाशीघ्र कार्रवाई करने और छत्तीसगढ़ की बेटी राजेश्वरी को सकुशल घर वापसी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए आदेशित किया है।

» कवासी लखमा ने नव-दंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

## चार जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह में 1040 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में





**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत चार जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह में कुल एक हजार 040 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे। कांकेर में 350, दंतेवाड़ा में 300, नारायणपुर में 230 और जांजगीर-चांपा में 160 जोड़ों ने सात फेरे लिए।

जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत तथा कांकेर, दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर के आयोजन में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया और आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया। बस्तर के सांसद श्री दीपक बैज, विधानसभा उपाध्यक्ष श्री मनोज मंडावी तथा विधायकगण सर्वश्री शिशुपाल सोरी और चंदन कश्यप भी सामूहिक विवाह में शामिल हुए। विवाह के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी जोड़ों को घरेलू उपयोग के समान भी दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत ने जांजगीर में सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ सरकार ने गरीबों की मदद के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रारंभ की है, ताकि विवाह जैसे महत्वपूर्ण संस्कार में धनाभाव लोगों के आड़े न आए। उन्होंने नव-दम्पत्तियों से आह्वान किया कि वे परिवार में सद्भावना, आपसी प्रेम और शांति से रहते हुए अपना, अपने परिवार और छत्तीसगढ के विकास में योगदान करें। उन्होंने सामूहिक विवाह में शामिल सभी जोड़ों को सुखी गृहस्थ जीवन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। दंतेवाड़ा, कांकेर और नारायणपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों की शादी की चिन्ता होती है।

आज के समय में शादी में लाखों रूपये खर्च हो जाते हैं। सामूहिक विवाह के माध्यम से कम खर्च में एक ही मंच पर कई जोड़ों का विवाह संपन्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि फिजूलखर्ची से बचने का यह अच्छा आयोजन है। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में शामिल वर-वधू की सहायता राशि 15 हजार रूपये से बढ़ाकर 25 हजार रूपये कर दिया गया है। दिव्यांग दम्पत्तियों को दी जाने वाली सहायता राशि को भी 50 हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये किया गया है।






स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480